# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक : BRLPS/LSBA/Proj/125/19/154 दिनांक : 18/06/19

प्रेषक,

**बालामुरूगन डी०, भा०प्र०से०,**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय: दिनांक 20.06.2019 से 29.06.2019 तक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के भुगतान हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के संबंध में।**

महाशय/महाशया,

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा की गयी समीक्षा में निर्देश दिया गया कि दिनांक 15 अगस्त, 2019 तक सभी योग्य लाभार्थियों के प्रोत्साहन राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाय। तदनुसार मुख्य सचिव, बिहार द्वारा योग्य लाभार्थियों के प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु विशेष अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया है। वर्तमान में विदित है कि राज्य में मात्र 54% ही योग्य लाभार्थियों के प्रोत्साहन राशि का भुगतान हो पाया है शेष का भुगतान किया जाना है।

LSBA IMIS के अवलोकन के क्रम में पाया गया कि 12 लाख से अधिक लाभार्थियों की विवरणी भुगतान हेतु LSBA के Transaction MIS पर उपलब्ध है। लाभार्थियों के भुगतान में तेजी लाने एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु **दिनांक 20.06.2019 से 29.06.2019 तक** विशेष प्रोत्साहन राशि भुगतान अभियान चलाया जाना है। इसके अंतर्गत जिलावार लाभार्थियों के भुगतान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसका विवरण अनुलग्नक में संलग्न है। इस विशेष प्रोत्साहन राशि भुगतान अभियान में प्रोत्साहन राशि भुगतान की प्रगति हेतु सभी स्तर से प्रयास किये जायेंगे।

इस अभियान अंतर्गत जिला द्वारा सभी प्रखंड हेतु एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाय जो पूरे अभियान के दौरान संबंधित प्रखंड का लगातार भ्रमण कर अनुश्रवण एवं समीक्षा करेंगे एवं लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु लक्ष्य पूर्ण कराने में सहयोग करेंगे।

- सभी प्रखंडों के नामित नोडल पदाधिकारी दिनांक 20.06.2019 से 22.06.2019 तक अपने प्रखंडों का क्षेत्र भ्रमण कर प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करेंगे।
- उप विकास आयुक्त द्वारा दिनांक 26.06.2019 को जिला के न्यूनतम प्रगति वाले प्रखंडों एवं दिनांक 27.06.2019 को शेष प्रखंडों का स्वयं भ्रमण कर इस अभियान के लक्ष्य प्राप्ति हेतु अनुश्रवण किया जायेगा।
- दिनांक 26.06.2019 एवं 27.06.2019 को सभी प्रखंडों में विशेष अभियान चलाया जाना है, जिसके अंतर्गत LSBA के Transaction MIS पर प्रोत्साहन राशि भुगतान के लिए उपलब्ध लाभुकों का आधार

संख्या, Verifier, Inspector आदि का विवरण Update कराना सुनिश्चित करेंगे। जिन लाभुकों का आवेदन उपलब्ध न हो, उसका आवेदन क्षेत्र भ्रमण कर संकलित कराना सुनिश्चित करेंगे। आवश्यक हो तो बचे हुए कार्यों का निष्पादन दिनांक 28.06.2019 को किया जायेगा।

- जिला समन्वयक/प्रभारी जिला समन्वयक अभियान के क्रम में न्यूनतम 5 दिन क्षेत्र भ्रमण करेंगे। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिओ-टैगिंग, प्रोत्साहन राशि का भुगतान, IHHL आच्छादन के Gap को न्यून अथवा पूर्णरूपेण समाप्त किए जाने हेतु कार्य करेंगे।
- जिला समन्वयक/प्रभारी जिला समन्वयक द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रखंड स्तर पर किए जाने वाले File एवं Document System का भी मुआयना करेंगे तथा बेहतर एवं प्रभावी तरीके से संधारण एवं नियमित रूप से अद्यतन हेतु आवश्यक कदम उठाएँगे।
- LSBA में राज्यस्तरीय नोडल कर्मियों द्वारा भी आवश्यकतानुसार क्षेत्र भ्रमण कर प्रोत्साहन राशि के भुगतान एवं अन्य कार्यों पर अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा राज्यस्तरीय कॉल सेन्टर के माध्यम से इस विशेष अभियान का लगातार अनुश्रवण एवं प्रगति की समीक्षा की जायेगी।
- जिला पदाधिकारी जिला स्तरीय सम्पर्क-सह-सहायता केन्द्र/वार रूम के माध्यम से इस विशेष अभियान का लगातार अनुश्रवण एवं प्रगति की समीक्षा कराना सुनिश्चित करेंगे।
- जिला द्वारा दिनांक 28.06.2019 एवं 29.06.2019 को जिला मुख्यालय में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (Digital Signature हेतु डोंगल के साथ) को बुलाकर सभी Updated लाभार्थियों के भुगतान के लिए विशेष शिविर लगाया जाय एवं इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित भी किया जा सकता है।

यह अपेक्षित है कि अभियान की सफलता एवं लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी तन्मयता पूर्वक अपना योगदान देंगे एवं आपके नेतृत्व में यह अभियान पूर्णतः सफल होगा।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक : यथोक्त।

18/06/19
(बालामुरूगन डी०)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA/P205/125/19/154 दिनांक : 18/06/19

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक/प्रभारी जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

18/06/19
(बालामुरूगन डी०)

## Target for special incentive drive from 20th June to 29th June-19

| Sl. No. | DistrictName | Available Geo Tagged Beneficiary on LSBA for Aadhar Upadation | Ready for Payment in BDO Login | Total Available beneficiary for payment | Target for 29th June-19 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ARARIA | 32839 | 4488 | 37327 | **26129** |
| 2 | ARWAL | 2813 | 572 | 3385 | **2370** |
| 3 | AURANGABAD | 19005 | 4872 | 23877 | **16714** |
| 4 | BANKA | 23362 | 1342 | 24704 | **17293** |
| 5 | BEGUSARAI | 33191 | 1596 | 34787 | **24351** |
| 6 | BHAGALPUR | 52291 | 2655 | 54946 | **38462** |
| 7 | BHOJPUR | 27852 | 1953 | 29805 | **20864** |
| 8 | BUXAR | 53411 | 469 | 53880 | **37716** |
| 9 | DARBHANGA | 39605 | 3693 | 43298 | **30309** |
| 10 | GAYA | 38471 | 4368 | 42839 | **29987** |
| 11 | GOPALGANJ | 28544 | 1334 | 29878 | **20915** |
| 12 | JAMUI | 8652 | 990 | 9642 | **6749** |
| 13 | JEHANABAD | 8189 | 784 | 8973 | **6281** |
| 14 | KAIMUR(BHABUA) | 9608 | 1102 | 10710 | **7497** |
| 15 | KATIHAR | 36336 | 3134 | 39470 | **27629** |
| 16 | KHAGARIA | 25737 | 1364 | 27101 | **18971** |
| 17 | KISHANGANJ | 23159 | 2610 | 25769 | **18038** |
| 18 | LAKHISARAI | 9400 | 739 | 10139 | **7097** |
| 19 | MADHEPURA | 42231 | 1124 | 43355 | **30349** |
| 20 | MADHUBANI | 54022 | 2765 | 56787 | **39751** |
| 21 | MUNGER | 19151 | 260 | 19411 | **13588** |
| 22 | MUZAFFARPUR | 72951 | 3172 | 76123 | **53286** |
| 23 | NALANDA | 6135 | 4224 | 10359 | **7251** |
| 24 | NAWADA | 14874 | 139 | 15013 | **10509** |
| 25 | PASHCHIM CHAMPARAN | 47532 | 4406 | 51938 | **36357** |
| 26 | PATNA | 65850 | 2348 | 68198 | **47739** |
| 27 | PURBA CHAMPARAN | 76538 | 5425 | 81963 | **57374** |
| 28 | PURNIA | 50832 | 1232 | 52064 | **36445** |
| 29 | SAHARSA | 25721 | 4324 | 30045 | **21032** |
| 30 | SAMASTIPUR | 48205 | 2617 | 50822 | **35575** |
| 31 | SARAN | 71350 | 2361 | 73711 | **51598** |
| 32 | SASARAM(ROHTAS) | 15627 | 1137 | 16764 | **11735** |
| 33 | SHEIKHPURA | 4579 | 357 | 4936 | **3455** |
| 34 | SHEOHAR | 8988 | 1115 | 10103 | **7072** |
| 35 | SITAMARHI | 44314 | 3135 | 47449 | **33214** |
| 36 | SIWAN | 38283 | 1276 | 39559 | **27691** |
| 37 | SUPAUL | 30973 | 3462 | 34435 | **24105** |
| 38 | VAISHALI | 49413 | 3421 | 52834 | **36984** |
| **Total** | | **1260034** | **86365** | **1346399** | **942479** |